# बुंदेलखंड सोलर पावर का हब बनेगा

लखनऊ,विशेष संवाददाता। प्रदेश सरकार झांसी, ललितपुर और चित्रकूट को ग्राउंड माउंटेड अल्ट्रा मेगा सोलर पावर पार्क का हब बनाने जा रही है।

इसी मद्देनज़र इन जिलों में सबसे बड़े सोलर पार्क को 9 हजार एकड़ में विकसित किया जा रहा है, जहां पर 2 हजार मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। इससे प्रतिवर्ष 4700 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा।

## खेतों में इस साल लगेंगे 4000 सोलर पंप

लखनऊ। प्रधानमंत्री कुसुम घटक सी-1 योजना में चालू वित्तीय वर्ष में यूपी में 4000 निजी मीटर्ड आनग्रिड पंप सोलराइजेशन का लक्ष्य प्रस्तावित किया गया है। यूपीनेडा ने इसके लिए किसानों से आवेदन मांगे हैं। 15 अगस्त तक इच्छुक किसान आवेदन कर सकते हैं।

## यूपी को जगमग करेंगे 30 हजार 'सूर्य मित्र'

लखनऊ। हर घर सोलर पैनल लगाने को यूपी में तेजी के साथ पूरा करने में योगी सरकार मिशन मोड में जुटी हुई है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत 30 हजार युवाओ को सूर्य मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसमें से करीब तीन हजार युवाओं को सूर्य मित्र के रूप में प्रशिक्षित कर दिया गया है।